Food and Agriculture
Organization of the
United Nations

# हिंद महासागर की वेलापवर्ती मात्स्यिकी में बिलफ़िश की पहचान



Indian Ocean Tuna Commission
Commission des Thons de l'Océan Indien
iotc ctoi

Funded by the
European Union

हिंद महा सागर में लक्षित या टूना मात्स्यिकी के साथ परस्पर व्यवहार करने वाली बिलफिश के डेटा और आँकड़ों का एकत्रण बेहतर बनाने में मदद के लिए इंडियन ओशन टूना कमीशन (IOTC) ने यह पहचान कार्ड बनाए हैं| बिलफिश भंडारों की बेहतर समझ के साथ और बेहतर आँकड़ों के साथ, क्षेत्रीय मात्स्यिकी प्रबंधक यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि हिंद महासागर में इन प्रजातियों को दीर्घस्थायी ढंग से पकड़ा जाए| इन कार्डों के सबसे संभावित उपयोक्ताओं में शामिल हैं वे मात्स्यिकी प्रेक्षक, पारखी (सैंपलर), मछली पकड़ने के जहाज़ों पर मौजूद मछली पकड़ने के नियंत्रक (फिशिंग मास्टर) और कर्मीदल, जिनका लक्ष्य हिंद महासागर में बिलफिश, टूना और टूना जैसी प्रजातियाँ हैं| मात्स्यिकी प्रशिक्षण संस्थान और मछुआरा समुदाय अन्य संभावित उपयोक्ता हैं|

लेआउट: Julien Million. वैज्ञानिक सलाह: Julien Million (IOTC), Hugues Evano (IFREMER).

हम बिलफ़िश पहचान कार्डों के विकास के लिए Dr. Evgeny Romanov (CAP RUN/ARDA) का कृतज्ञतापूर्वक आभार प्रकट करते हैं।

चित्र © R.Swainston/anima.net.au.


हिन्दी में अनूदित स्क्रिप्ट्स का सत्यापन श्रीमती E. K. Uma ने किया है।


# आम हिंदी नाम

FAO

*वैज्ञानिक नाम*

J – जापानी नाम
C – सरलीकृत चीनी / पारंपरिक चीनी नाम
E – अंग्रेज़ी नाम
F – फ़्रांसीसी नाम
S – स्पेनी नाम




**बिलफ़िश के लिए प्रयुक्त मापें:पृष्ठीय पख**

- निचले जबड़े से द्विशाख तक लंबाई (लोअर जॉ टू फ़ोर्क लेंथ, LJFL)
- आँख से द्विशाख तक लंबाई (आई टू फ़ोर्क लेंथ, EFL)

सावधान: बिलफ़िश के प्रतिचयन के लिए कुल लंबाई का उपयोग कभी नहीं किया जाता है और यहाँ उसे केवल स्पष्टीकरण के उद्देश्य से दिया गया है।

## इस कार्ड का उपयोग कैसे करें?

### हर कार्ड में हैं

- प्रजाति का वैज्ञानिक नाम और अंग्रेज़ी, फ़्रांसीसी, स्पेनी, जापानी, पारंपरिक और सरलीकृत चीनी भाषाओं में नाम
- उसका FAO कोड
- प्रजाति का एक चित्र, कुछ विभेदक विशेषताओं के साथ
- उसकी अधिकतम कुल लंबाई (मैक्स TL)

### शब्दावली

- पुच्छीय कील: माँसल कटक (मेड़); आम तौर पर पुच्छ-पूर्व वृंत पर मौजूद त्वचा के मोड़ से संबंधित। ज़िफियडाइ (Xiphiidae) कुल की मछलियों में मध्य पुच्छीय कील बड़ी होती है और इस्टियोफोरिडाइ (Istiophoridae) कुल की मछलियों में पुच्छ-पूर्व वृंत के मध्य बिंदु पर एक जोड़ी पुच्छीय कील होती हैं।


# ब्लैक मार्लिन


**BLM**

*Makaira indica*

J –シロカジキ
C –印度枪鱼 / 立翅旗魚
E –Black marlin
F –Makaire noir, marlin noir
S –Aguja negra

पहली पृष्ठीय ऊँचाई = शरीर की गहराई की 1/2 या कम






माँस जैसे धूसर से लेकर सफ़ेद

**मैक्स TL: 460 cm**


# ब्लू मार्लिन

BUM

*Makaira nigricans*

कुछ वर्गीकरणों में इसे इंडो-पैसिफ़िक ब्लू मार्लिन (Makaira mazara) भी कहा जाता है

J – クロカジキ
C – 蓝枪鱼 / 黑皮旗魚
E – Blue marlin
F – Makaire bleu, marlin bleu
S – Aguja azul







**मैक्स TL: 430 cm**


# पट्टीदार मार्लिन


MLS

*Tetrapturus audax*

J –マカジキ
C –条纹四鳍旗鱼 / 紅肉旗魚
E –Striped marlin
F –Marlin rayé
S –Marlín rayado

**पहली पृष्ठीय ऊँचाई >= शरीर की गहराई**






मॉँस जैसे गुलाबी से लेकर नारंगी तक


**मैक्स TL: 340 cm**

# शॉर्टबिल स्पिअरफ़िश

SSP

*Tetrapturus angustirostris*

J –フウライカジキ
C –小吻四鰭旗鱼 / 小吻四鰭旗魚
E –Shortbill spearfish
F –Makaire à rostre court, lancier
S –Marlín trompa corta





**मैक्स TL: 230 cm**

# इंडो-पैसिफ़िक सेलफ़िश

SFA

*Istiophorus platypterus*

J –バショウカジキ
C –平鳍旗鱼 / 雨傘旗魚
E –Indo-Pacific sailfish
F –Voilier indo-pacifique
S –Pez vela del Indo-Pacífico




**मैक्स TL: 320 cm**


# स्वोर्डफ़िश


SWO

*Xiphias gladius*

J –メカジキ  
C –剑鱼 / 劍旗魚  
E –Swordfish  
F –Espadon  
S –Pez espada


<u>सावधान</u>: छोटी स्वोर्डफ़िश में लंबा पृष्ठीय पख आधार होता है






**मैक्स TL: 450 cm**

# ड्रेस्ड (कटी-छँटी) बिलफ़िश की पहचान




**बिलफ़िश की अनलोडिंग अक्सर ड्रेस्ड (कटी-छँटी) और फ़्रोज़न (जमी हुई) स्थिति में की जाती है:**

- सिर, पूँछ, श्रोणि पख और वक्षीय पख काटकर अलग कर दिए जाते हैं
- पहले पृष्ठीय पख को मोड़ दिया जाता है

**निम्नलिखित पहचान विशेषताओं पर ध्यान दें:**

- शरीर की गहराई के सापेक्ष पहले पृष्ठीय पख की लंबाई (यदि संभव हो)ैं
- ब्लू या पट्टीदार मार्लिन को ब्लैक मार्लिन से अलग पहचानने के लिए, दूसरे गुदा पख के सापेक्ष दूसरे पृष्ठीय पख का स्थान
- ब्लू मार्लिन को पट्टीदार मार्लिन से अलग पहचानने के लिए शरीर की अनुप्रस्थ काट (दबा हुआ या मोटा) और माँस का रंग
- शॉर्टबिल स्पिअरफ़िश को अन्य मार्लिन मछलियों या इंडो-पैसिफ़िक सेलफ़िश से अलग पहचानने के लिए गुदा का स्थान

## बिलफ़िश के संबंध में IOTC की आवश्यकताएँ

### आपके जहाज़ द्वारा पकड़ी गई प्रत्येक बिलफ़िश को पहचानें, रिकॉर्ड करें, और सही-सही सूचित करें

मछुआरों/प्रेक्षकों से यह अपेक्षित है कि वे बिलफ़िश के संबंध में IOTC Conservation and Management Measures (CMM) के अनुसरण में अन्य क़दमों के साथ-साथ निम्नलिखित क़दम भी उठाएँ (हमारा सुझाव है कि आप IOTC द्वारा किए गए संशोधन वार्षिक अंतराल पर जाँच लें):

- लॉन्गलाइन और ट्रॉल लाइन जहाज़ों पर मौजूद मछुआरे पकड़ी गईं स्वोर्डफ़िश (*Xiphias gladius*), ब्लू मार्लिन (*Makaira nigricans*), ब्लैक मार्लिन (*Makaira indica*), स्ट्राइप्ड मार्लिन/ पट्टीदार मार्लिन (*Tetrapturus audax*), इंडो-पैसिफ़िक सेलफ़िश (*Istiophorus platypterus*) और शॉर्टबिल स्पिअरफ़िश (*Tetrapturus angustirostris*) मछलियों की सूचना, अपनी लॉगबुक के ज़रिए, लागू CMM के अनुसार देंगे।
- पर्स साइन और पोल-एंड-लाइन जहाज़ों पर मौजूद मछुआरे पकड़ी गईं बिलफ़िश की सूचना, अपनी लॉगबुक के ज़रिए, जहाँ संभव हो वहाँ लागू CMM के अनुसार प्रजाति-वार या प्रजाति-समूह-वार देंगे।
- गिलनेट जहाज़ों पर मौजूद मछुआरे पकड़ी गईं स्वोर्डफ़िश (*Xiphias gladius*), इंडो-पैसिफ़िक सेलफ़िश (*Istiophorus platypterus*) और अन्य बिलफ़िश की सूचना, अपनी लॉगबुक के ज़रिए, जहाँ संभव हो वहाँ लागू CMM के अनुसार प्रजाति-वार या प्रजाति-समूह-वार देंगे।
- हैंडलाइन जहाज़ों पर मौजूद मछुआरे पकड़ी गईं ब्लैक मार्लिन (*Makaira indica*), इंडो-पैसिफ़िक सेलफ़िश (*Istiophorus platypterus*) और अन्य बिलफ़िश की सूचना, अपनी लॉगबुक के ज़रिए, जहाँ संभव हो वहाँ लागू CMM के अनुसार प्रजाति-वार या प्रजाति-समूह-वार देंगे।

# हिंद महासागर वेलापवर्ती मात्स्यिकी में बिलफ़िश की पहचान

यह प्रकाशन Overseas Fishery Cooperation Foundation JAPAN (OFCF JAPAN) के आर्थिक सहयोग से संभव हो पाया है।

अधिक जानकारी के लिए संपकर् करें

**Indian Ocean Tuna Commission**
**ABIS Centre, PO Box 1011**
**Victoria, Seychelles**

Phone: +248 422 54 94
Email: IOTC-secretariat@iotc.org

Fax: +248 422 43 64
Website: http://www.iotc.org

BY NC SA

© FAO, 2024
BI704HI/1/11.24